**झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखण्ड)**

**प्रथम सावधिक परीक्षा (2021-2022)**

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र** **सेट0 -1**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कक्षा- 12** | **विषय- हिंदी (कोर)** | **समय- 1 घंटा 30 मिनट** | **पूर्णांक- 40** |

**सामान्य निर्देश-**

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या 40 है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे।**

## खंड - 'क' (अपठित बोध)

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 01 से 04 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

आ रही रवि की सवारी।

नव-किरण का रथ सजा है,

कलि-कुसुम से पथ सजा है,

बादलों-से अनुचरों ने स्वर्ण की पोशाक धारी।

आ रही रवि की सवारी।

विहग, बंदी और चारण,

गा रहे हैं कीर्ति-गायन,

छोड़कर मैदान भागी तारकों की फौज सारी।

आ रही रवि की सवारी।

चाहता, उछलूँ विजय कह,

पर ठिठकता देखकर यह-

रात का राजा खड़ा है, राह में बनकर भिखारी।

आ रही रवि की सवारी।

01. दिनकर की सवारी को देखकर कौन मैदान छोड़कर भाग जाते हैं?

A. तारे

B. भिखारी

C. सारथी

D. चारण

02. 'पर ठिठकता देखकर यह' पंक्ति से कवि का क्या आशय है?

A. कवि सूर्य को आता देख कर ठिठक जाता है

B. कवि सूर्य को आता देखकर प्रसन्न हो जाता है

C. कवि को सूर्योदय का दृश्य बहुत अच्छा लगता है

D. कवि सूर्य के सामने चंद्रमा को निस्तेज देखकर ठिठक जाता है

03. 'कलि-कुसुम से पथ सजा है' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

A. उपमा

B. रूपक

C. मानवीकरण

D. उत्प्रेक्षा

04. अनुपयुक्त कथन छाँटिए -

A. सूर्य का रथ नई किरणों का है

B. बादल सूर्य के सेवक हैं

C. चंद्रमा रात का राजा है

D. पक्षीगण सूर्य की फौज हैं

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 05 से 08 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

राह पर खड़ा है, सदा से ठूँठ नहीं है। दिन थे जब वह हरा-भरा था और उस जनसंकुल चौराहे पर अपनी छतनार डालियों से बटोहियों की थकान अनजाने दूर करता था। पर मैंने उसे सदा ठूँठ ही देखा है। पत्रहीन, शाखाहीन, निरवलंब, जैसे पृथ्वी रूपी आकाश से सहसा निकलकर अधर में ही अटक गया हो। रात में वह काले भूत-सा लगता है, दिन में उसकी छाया इतनी गहरी नहीं हो पाती जितना काला उसका

जिस्म है और अगर चितेरे को छायाचित्र बनाना हो तो शायद उसका-सा अभिप्राय और न मिलेगा। प्रचंड धूप में भी उसका सूखा शरीर उतनी ही गहरी छाया जमीन पर डालता जैसे रात की उजियारी चाँदनी में। जब से होश संभाला है, जब से आँख खोली है, देखने का अभ्यास किया है, तब से बराबर मुझे उसका निस्पंद, नीरस, अर्थहीन शरीर ही दिख पड़ा है।

05. जनसंकुल का क्या आशय है?

A. जनसंपर्क B. भीड़ भरा

C. जनजागरण D. जनजीवन

06. आम की छतनार डालियों के कारण क्या होता था?

A. यात्रियों को ठंडक मिलती थी B. यात्रियों को विश्राम मिलता था

C. यात्रियों की थकान मिटती थी D. यात्रियों को हवा मिलती थी

07. शाखाहीन शुष्क वृक्ष को क्या कहा जाता है?

A. सदाबहार वृक्ष B. जड़ वृक्ष

C. ठूँठ वृक्ष D. हीन वृक्ष

08. ‘निरवलंब’ का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

A. निराश्रित B. अवलंब

C. आलंबन D. बुनियादी

## खंड - ‘ख’ (अभिव्यक्ति और माध्यम)

09. आलेख का अभिप्राय है -

A. किसी विषय पर सर्वांगपूर्ण जानकारी जो तथ्यात्मक, विश्लेषणात्मक अथवा विचारात्मक हो

B. गंभीर अध्ययन पर आधारित प्रामाणिक रचना

C. जिसमें विचार या तथ्य की पुनरावृत्ति न हो

D. उपरोक्त सभी

10. फ़ीचर में तथ्यों की प्रस्तुति का ढंग कैसा होता है?

A. नीरस
B. व्यापक
C. मनोरंजक
D. संकुचित

11. संपादकीय किसे कहते हैं?

A. समस्या की रिपोर्ट को
B. संपादक द्वारा किसी प्रमुख घटना और समस्या पर लिखा गया विचारात्मक लेख
C. सरकार और जनता के बीच की कड़ी
D. संवाददाता से मिली जानकारी

12. संवाददाताओं के बीच काम का विभाजन आमतौर पर किस बात को ध्यान में रखते हुए किया जाता है?

A. संवाददाताओं के ज्ञान और रुचि
B. संवाददाताओं की आवश्यकता
C. संवाददाताओं की उम्र
D. संवाददाताओं की सिफारिश

13. भारत का पहला छापाखाना कब खुला?

A. सन् 1955 में
B. सन् 1556 में
C. सन् 1559 में
D. सन् 1560 में

14. फ्रीलांसर पत्रकार का अर्थ है -

A. पूर्णकालिक पत्रकार
B. अंशकालिक पत्रकार
C. स्वतंत्र पत्रकार
D. इनमें से कोई नहीं

15. मुद्रित माध्यमों की सबसे बड़ी सीमा क्या है?

A. मनोरंजन का अभाव
B. तुरंत घटी घटनाओं की प्रस्तुति का अभाव

C. प्रामाणिकता का अभाव　　D. वितरण का अभाव

16. 'उदंत मार्तंड' नामक समाचार-पत्र का प्रकाशन किस वर्ष से शुरू हुआ?

A. सन् 1826　　B. सन् 1840

C. सन् 1887　　D. सन् 1926

17. पत्रकारिता का मूल तत्व क्या है?

A. कल्पना　　B. संस्मरण

C. जिज्ञासा　　D. नीति

18. पी.टी.आई क्या है?

A. गुप्तचर विभाग　　B. पुलिस विभाग

C. पत्रकार समूह　　D. समाचार एजेंसी

## खंड - 'ग' (पाठ्यपुस्तक)

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 19 से 22 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

मैं और, और जग और, कहाँ का नाता,

मैं बना-बना कितने जग रोज मिटाता;

जग जिस पृथ्वी पर जोड़ा करता वैभव,

मैं प्रति पग से उस पृथ्वी को ठुकराता!

मैं निज रोदन में राग लिए फिरता हूँ,

शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ,

हों जिस पर भूपों के प्रासाद निछावर,

मैं वह खंडहर का भाग लिए फिरता हूँ।

19. कवि स्वयं को शेष संसार से अलग मानता है, क्योंकि -

A. उसे अपनी सफलता पर गर्व है

B. वह धन-संग्रह या वैभव के पीछे नहीं भागता

C. वह जग-निर्माता है

D. उसकी वाणी में आग नहीं है

20. कवि अपने आपको किस तरह के खंडहर का स्वामी मानता है?

A. राजमहलों की भव्यता जिस पर न्योछावर हों

B. स्वर्ण निर्मित प्रासाद

C. शताब्दी वर्ष पहले निर्मित भवन

D. सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण खंडहर

21. 'शीतल वाणी में आग लिए फिरना' किस अर्थ को द्योतित करता है?

A. शांतचित्त किंतु घातक

B. शांतचित्त किंतु पथभ्रष्ट

C. शांतचित्त किंतु अनिर्णायक

D. शांतचित्त किंतु दृढ़तापूर्ण

22. 'मैं प्रति पग से उस पृथ्वी को ठुकराता' पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

A. वह पृथ्वी का सम्मान नहीं करता

B. संसार उसके ठोकर पर है

C. वह भौतिक वैभव को तुच्छ समझता है

D. वह सम्मान का भूखा नहीं है

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -**

23. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' किस विधा की रचना है?

A. संस्मरण

B. आत्मकथा

C. अनुवाद

D. डायरी

24. 'कविता के बहाने' पाठ के कवि कौन हैं?

A. हरिवंशराय बच्चन

B. आलोक धन्वा

C. कुँवर नारायण

D. रघुवीर सहाय

25. 'हम दूरदर्शन पर बोलेंगे' पंक्ति में 'हम' का तात्पर्य है -

A. मीडिया  B. समाज

C. दर्शक  D. रचनाकार

26. मुक्तिबोध किस काव्यधारा के अगुआ कवि हैं?

A. प्रयोगवादी  B. प्रगतिवादी

C. नई कविता  D. छायावादी

27. 'बहुत काली सिल जरा से लाल केसर से कि जैसे धूल गई हो' में कौन-सा अलंकार है?

A. पुनरुक्तिप्रकाश  B. उत्प्रेक्षा

C. अतिशयोक्ति  D. मानवीकरण

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 31 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए -**

सेवक-धर्म में हनुमान जी से स्पर्धा करने वाली भक्तिन किसी अंजना की पुत्री न होकर एक अनामधन्या गोपालिका की कन्या है - नाम है लछमिन अर्थात् लक्ष्मी, पर जैसे मेरे नाम की विशालता मेरे लिए दुर्वह है, वैसे ही लक्ष्मी की समृद्धि भक्तिन के कपाल की कुंचित रेखाओं में नहीं बन सकी। वैसे तो जीवन में प्रायः सभी को अपने-अपने नाम का विरोधाभास लेकर जीना पड़ता है, पर भक्तिन बहुत समझदार है, क्योंकि वह अपना समृद्धि सूचक नाम किसी को बताती नहीं। केवल जब नौकरी की खोज में आई थी, तब ईमानदारी का परिचय देने के लिए अपने शेष इतिवृत्त के साथ यह भी बता दिया।

28. भक्तिन कौन है?

A. अंजना की पुत्री  B. लेखिका की सहकर्मी

C. लेखिका की सेविका  D. लेखिका की सहचरी

29. 'भक्तिन' हनुमान जी से स्पर्धा क्यों करती है?

A. शारीरिक बल के कारण  B. समृद्धि के कारण

C. एकनिष्ठ सेवा-भाव के कारण D. ईमानदारी के कारण

30. भक्तिन नौकरी की खोज में क्यों आई थी?

A. पारिवारिक और सामाजिक चुनौतियों के कारण

B. अपने अपमान का बदला लेने के लिए

C. पुनर्विवाह के लिए

D. धन-दौलत इकट्ठा करने के लिए

31. 'शेष इतिवृत्त' का क्या अर्थ है?

A. जिज्ञासा B. इतिहास

C. महत्वपूर्ण जानकारी D. संपूर्ण वर्णन

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -**

32. भक्तिन में कौन-सा भाव प्रबल था?

A. वीरता का भाव B. स्वाभिमान का भाव

C. घृणा का भाव D. ईर्ष्या का भाव

33. भक्तिन महादेवी से कितने वर्ष बड़ी थी?

A. 15 वर्ष B. 20 वर्ष

C. 25 वर्ष D. 30 वर्ष

34. 'बाजार दर्शन' के लेखक कौन हैं?

A. जैनेंद्र कुमार B. फणीश्वरनाथ रेणु

C. धर्मवीर भारती D. विष्णु खरे

35. बाजार को सार्थकता कौन देता है?

A. आवश्यकतानुसार वस्तुओं का क्रय करने वाले ग्राहक

B. अधिकतम वस्तुओं का क्रय करने वाले ग्राहक

C. फैंसी वस्तुओं की खरीदारी करने वाले ग्राहक

D. पर्चेजिंग पावर का दिखावा करने वाले ग्राहक

36. 'बाजार दर्शन' है?

A. निबंध B. कहानी

C. संस्मरण D. रेखाचित्र

37. 'सिल्वर वैडिंग' पाठ के लेखक कौन हैं?

A. धर्मवीर भारती B. मनोहर श्याम जोशी

C. आनंद यादव D. ओम थानवी

38. 'सिल्वर वैडिंग' पर भूषण ने अपने पिता को क्या उपहार दिया?

A. घड़ी B.पैंट

C. पेंट और कमीज D. ऊनी ड्रेसिंग गाउन

39. 'सिल्वर वैडिंग' कहानी के कथा नायक का नाम क्या है?

A. यशोधर बाबू B. भूषण

C. किसन दा D. चड्ढा

40. 'जो हुआ होगा' जुमले में कौन-सा भाव निहित है?

A. यथास्थितिवाद B. अनिर्णय की स्थिति

C. द्वंद्व का भाव D. ये सभी